## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम 3 को

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम 3 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिले के 1948 पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी। इसके अतिरिक्त 4 एवं 5 फरवरी को जिले के 356560 घरों में भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देने की व्यवस्था भी की जायेगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर के समस्त अधिकारियों को निगरानी एवं पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। जनपद पंचायतों के सामान्य सभा की बैठक, ग्राम पंचायतों की बैठक तथा ग्राम सभाओं में पल्स पोलियो कार्यक्रम पर चर्चा कर ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा।

### बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) में तीन पदों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

जशपुर (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास विभाग जषपुर में एकीकृत बाल संरक्षण योजनांतर्गत बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) में 3 स्वीकृत रिक्त पद परिवीक्षा अधिकारी के एक पद, हाउस फादर के एक पद, पैरामेडिकल स्टॉफके पद हेतु आवेदनों का पात्र अपात्र सूची का परीक्षण कर दावा आपत्ति 16 जनवरी तक आमंत्रित किए गए है।

### लाल बहादुर शास्त्री याद किए गए

भिलाई (आरएनएस)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्रीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज दि .11 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शास्त्री चिकित्सालय सुपेला में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्रीमती जयश्री प्रधान श्रीमती शुभश्री श्रीवास्तव ( शास्त्री जी की दोनों भतीजी) अध्यक्ष नरेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ बी पी तिवारी, डॉ. नरेन्द्र सिन्हा पीएन श्रीवास्तव, जी सी वर्मा, बसंत सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ दिनेश पटेल, डॉ एस के अग्रवाल, श्रीमती बबीता सक्सेना , श्रीमती रचना दबे,अतुल शुक्ला ,अशोक सूर्यवंशी, एस के देवांगन, एवं एम एम कुरैशी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। संचालन नरेंद्र श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन जी सी वर्मा ने किया । इसके बाद नेहरू नगर पूर्व स्थित शास्त्री पार्क में शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### 8 सालों में नहीं बन पाया बस्तर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाला पुल

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर और समूचे छत्तीसगढ़ को सीधे महाराष्ट्र से जोड़ने वाले संभाग के दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले के अंतर्गत बन रहा इंद्रावती नदी में तिमेड़ पुल दोनों राज्यों की लापरवाही से अभी तक नहीं बन सका है। इसके कारण बस्तर का सीधा संपर्क महाराष्ट्र से गत आठ वर्षों से नहीं हो पा रहा है।

### जिला शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में 3 शराबी शिक्षक हुए निलम्बित

गरियाबंद (आरएनएस)। प्रदेश में गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी ने देवभोग विकासखंड में आकस्मिक निरिक्षण किया। निरिक्षण करने के दौरान स्कूलों में भारी अनियमितताओं का उजागर हुआ है।

### सड़क हादसे में कांग्रेसी कार्यकर्ता की मौत

बीजापुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर जांगला व माटवाडा के बीच सड़क हादसे में एक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत हो गई।

### सीएम भूपेश बघेल ने किया स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में 68 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचकर यहां 68 करोड़ रूपए की लागत से होने वाले नवनिर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अफसर आदि उपस्थित थे।

### युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला, हत्या का संदेह

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर के पुराने पुल के पास आज सुबह एक इमली पेड़ में 22 वर्षीय युवक भोला नागे का शव लटका हुआ मिला है। शव देखे जाने के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। वहीं परिजनों ने इसे आत्महत्या न बताते हुए उसे हत्या बताया गया है। साथ ही पुलिस से इस मामले कि अच्छे से जांच करने की बात कही गई है।

## नई सोच और अतीत की महक से भरा छत्तीसगढ़ सरकार का नया कैलेण्डर : सात दशकों की गौरवशाली यात्रा का दस्तावेज

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के प्रथम माह में प्रकाशित वर्ष 2019 का शासकीय कैलेण्डर कई मायनों में नया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि यह सन् 1930, 1933, 1936, 1939 की ऐतिहासिक तस्वीरों से सुसज्जित है, जो देश के गौरवशाली अतीत से छत्तीसगढ़ की चेतना के तारों को जोड़ती है। उस दौर के महान नेताओं के यादों की महक तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों की




स्मृतियां भी इस कैलेण्डर में संजोई गई हैं। यह कैलेण्डर राजस्व विभाग के शासकीय मुद्रणालय द्वारा प्रकाशित किया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कल यहां विधानसभा परिसर में इस सचित्र कैलेण्डर का विमोचन किया। शासकीय कैलेण्डर में यह भी दर्शाया गया है कि विगत 7 दशकों में भारत किस तरह गढ़ा गया तथा नई सरकार की सोच के अनुसार किस तरह धरोहरों तथा परम्पराओं का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ गढ़ा जाएगा। पुरखौती, ऐसी गढ़ा देश शीर्षकों के साथ, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर के साथ छत्तीसगढ़ी में यह नारा है - ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़''। छत्तीसगढ़ राज्य गठन सन् 2000 से लेकर अब तक कभी भी शासकीय कैलेण्डर में इन विभूतियों तथा प्रसंगकों को स्थान नहीं मिला था, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश पर इस वर्ष का कैलेण्डर तैयार किया गया है। नये वर्ष के इस कैलेण्डर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास के विभिन्न प्रसंगों में से एक सन् 1933 की तस्वीर है, जिसमें विद्या मंदिर योजना के तहत रायपुर में प्रथम विद्या मंदिर का शिलान्यास करते हुए महात्मा गांधी मौजूद हैं। कैलेण्डर में इस प्रकार की अनेक ऐतिहासिक विभिन्न तस्वीरों का समावेश है।

## इस वर्ष 10वीं-12वीं की परीक्षा में मेरिट आने वाले बच्चों को और उस स्कूल के प्राचार्य को फ्लाईट से दिल्ली घुमाया जाएगा

कवर्धा (आरएनएस)। जिले में इस वर्ष 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार लाने तथा समय पर कोर्स पूरा कराने सहित शाला प्रबंधन के संबंध में जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री कुंदन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सी. एस. ध्रुव एवं सहायक




संचालक एम.के. गुप्ता सहित 76 हाई स्कूलों और 73 हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले के साथ-साथ प्रदेश और देश के विकास में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्राचार्यो से आग्रह किया कि वे स्वयं अनुशासित रहकर बच्चों को अनुशासित और लगनशील बनायें। साथ समय पर कोर्स पूरा करायें और अपने विशेष प्रयासों से परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष से अधिक सुधार लायें। उन्होंने 10वीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर मिशन 90 प्रतिशत चलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं में जो बच्चें मेरिट में आयेंगे उन्हें और उस स्कूल के प्राचार्य को फ्लाईट से दिल्ली घुमाया जायेगा।

## एके-47 लेकर फरार सीआईएसएफ का जवान हुआ बिलासपुर में गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। बचेली में एनएमडीसी की लौह अयस्क खदान में सुरक्षा पर तैनात सीआईएसएफ जवानों की एक एके 47 रायफल और 30 राउंड कारतूस शुक्रवार को चोरी हो गए थे। पुलिस की तफ्तीश में अरोपी 24 घंटे के अंदर पकड़ा गया। हथियार चुराने वाला यह शख्स सुरक्षा में तैनात इन्हीं जवानों का साथी निकला। उसे गिरफ्तार किया गया है। जवान मूल रूप से तमिलनाडु का रहने वाला था। उससे हथियार और कारतूस बरामद कर लिए गए हैं। इसी के साथ इस जवान के बारे में और भी कई खुलासे हुए हैं।




ऐसे पकड़ में आया आरोपी जवान

दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद सभी सीसीटीवी फूटेज को स्कैन किया गया। इस दौरान एक फूटेज में चार जवान सामान लेकर बाहर जाते नजर आए। यह जवान छुट्टी पर जा रहे हैं, ऐसा बताया गया। इन जवानों से पूछताछ की गई।

कॉन्स्टेबल पनीशरण के बैग की जब तलाशी ली गई तो उसमें गन का ऑयल और कपड़ा मिला। इसके बाद उससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने गन चुराना स्वीकार कर लिया।

## एसपी हर मंगलवार सुनें पुलिस परिजनों की समस्याएं : डीजीपी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी डीएम अवस्थी ने एक नई व्यवस्था शुरू करते हुए अब समस्त पुलिस अधीक्षकों (रेल) सहित समस्त सेनानियों छसबल (प्रशिक्षण सहित) को एक पत्र जारी करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को पुलिस परिजनों की समस्याएं सुनने और उनका निराकरण करने का निर्देश दिया है। डीजीपी बनने के बाद से ही डीएम अवस्थी ने पुलिस प्रशासन में सुधार लाने अनुकरणीय प्रयास शुरू कर दिया है। डीजीपी श्री अवस्थी प्रत्येक शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रदेश भर से आने वाले पुलिस परिवार के लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका निराकरण करते हैं। इसी क्रम में उन्होंने महसूस किया कि जिन समस्याओं का निराकरण रेंज स्तर पर और जिला स्तर पर हो जाता है। उन छोटी समस्याओं के लिए भी पुलिस के परिजनों को प्रदेश के दूर-दराज इलाकों से आना पड़ता है।

## नाबालिग का अपहरण और मानव तस्करी के आरोपियों को 7-7 साल की कैद

कोंडागांव (आरएनएस)। नाबालिग समेत दो लोगों का अपहरण और मानव तस्करी के आरोप में दोष सिद्ध पाकर सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को 7-7 साल के कारावास की सजा सुनाई। इनमें से एक आरोपी गुजरात के कच्छ का रहने वाला है जो राजनांदगांव जिले के मानपुर इलाके में रहकर दोनों अपहतों से भेड़ बकरियां चरवा रहा था।



अपर लोक अभियोजक अशोक चौहान के मुताबिक माकड़ी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग और एक अन्य युवक 25 जुलाई 2016 की शाम अचानक घर से गायब हो गए थे। एक युवक के पिता ने पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान भानपुरी थाना क्षेत्र के खंडसरा निवासी तुलाराम को पकड़कर उससे पूछताछ की जिसके बाद उसने दोनों लड़कों को अपने ही गांव के फरसूराम मंडावी को सौंपने की बात कही।

## हज यात्री चयन के लिए कुर्राह (लाटरी) 13 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा हज 2019 के लिए प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों के चयन हेतु कुर्राह (लाटरी) कार्यक्रम का आयोजन 13 जनवरी को किया गया है। कुर्राह का कार्यक्रम न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा।

इसमें राज्य मंत्री मंडल के मंत्रीगण, गणमान्य नागरिक, राज्य के विभिन्न जिलों के हज यात्री एवं मुस्लिम समाज के व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

## आज और कल तीन घंटे विलंब से चलेगी गीतांजलि एक्सप्रेस

बिलासपुर (आरएनएस)। सेंट्रल रेलवे के मुंबई मंडल में फुट ओवरब्रिज गर्डर को लॉन्च किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए मुंबई से छूटने वाली कुछ एक्सप्रेस ट्रेन को नियंत्रित कर चलाया जाएगा। इस कड़ी में बिलासपुर जोन से होकर चलने वाली मुंबई-हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस 12 व 13 जनवरी को नियमित समय सुबह छह बजे नौ बजे रवाना की जाएगी।

## कर्मचारियों को पेंशन नहीं तो विधायकों को क्यों: मोर्चा

विकासनगर (आरएनएस)। मोर्चा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्त सिंचाई कर्मचारियों के पेंशन मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने के फैसले को लेकर आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श करते हुए मोर्चा अध्यक्ष एवं जी.एम.वी.एन. के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि कई वर्षों से सेवानिवृत्त सिंचाई कर्मचारियों द्वारा अपनी पेंशन सम्बन्धी मांग को लेकर लड़ी जा रही लड़ाई में कई-कई बार उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय ने पेंशन जारी करने के आदेश सरकार को दिये लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा रोड़ा अटकाया जाता रहा तथा अन्ततः तीन-चार दिन पहले भी उच्चतम न्यायालय ने पेंशन देने सम्बन्धी आदेश पर रोक लगा दी।

नेगी ने कहा कि बड़े दुःख एवं आश्चर्य की बात है कि सिंचाई मन्त्री सतपाल महाराज को आज तक पेंशन सम्बन्धी पत्रावली पर कभी राय मशवरा/निर्देश लेने के लिए पत्रावली के दर्शन नहीं कराये, यानि उनको दरकिनार कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री फसल ऋण माफी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सेल गठित

रायसेन (आरएनएस)। मुख्यमंत्री फसल ऋण माफी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों के हितों की रक्षा में सकारात्मक सहयोग एवं गाइड करने के लिए कलेक्टर श्रीमती एस प्रिया मिश्रा के निर्देशानुसार फसल ऋण माफी योजना सेल का गठन किया गया है। गठित सेल योजना के सुचारू संचालन, निर्देशों के प्रस्तुतीकरण, संबद्ध अभिलेखों का संधारण, नियत समयबद्ध योजना कार्यक्रम के अनुरूप समन्वय के साथ उप संचालक कृषि एनपी सुमन की अध्यक्षता में कार्य सम्पादित करेगी।

गठित फसल ऋण माफी योजना सेल का नोडल अधिकारी उप परियोजना संचालक आत्मा एसके दोहरे को बनाया गया है।

## 16 फरवरी को होगा राजस्व लोक अदालत का आयोजन

रायसेन (आरएनएस)। प्रदेश के नागरिकों को राजस्व न्यायालयों के माध्यम से सुगम, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके, इसके लिए राजस्व न्यायालयों में 16 फरवरी को राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व लोक अदालत के लिए प्रकरणों का चिन्हांकन एवं आरसीएमएस में पंजीकरण 15 जनवरी तक किया जाएगा। प्रकरणों में आदेश के पूर्व तक की समस्त कार्यवाही जैसे नोटिस, सुनवाई, स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन आदि की नियत तिथि 10 फरवरी निर्धारित की गई है।

राजस्व लोक अदालत का आयोजन एवं प्रकरणों में अंतिम आदेश 16 फरवरी को जारी होगा तथा राजस्व लोक अदालत में पारित आदेशों का पालन एवं रिकार्ड अपडेशन 28 फरवरी 2019 तक किया जाएगा।

## सूरज पंचोली की सेटेलाइट शंकर जुलाई में होगी रिलीज

वर्ष 2015 की फिल्म हीरो में नजर आ चुके अभिनेता सूरज पंचोली आगामी फिल्म सेटेलाइट शंकर में नजर आएंगे। यह 5 जुलाई को रिलीज होगी।

अभिनेता आदित्य पंचोली और अभिनेत्री जरीना वहाब के बेटे सूरज ने मंगलवार को फिल्म का एक पोस्टर जारी किया।

इसके साथ उन्होंने लिखा, यह एक असाधारण यात्रा की शुरुआत की एक झलक ! सेटेलाइट शंकर 5 जुलाई को रिलीज होगी।

इरफान कमाल द्वारा निर्देशित सेटेलाइट शंकर को भूषण कुमार, मुराद खेतानी, कृष्ण कुमार और अश्विन वर्दे द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया जाएगा। फिल्म की अन्य जानकारी का खुलासा होना बाकी है।

## थाई फैट कम करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

वजन घटाने को लेकर हम सभी परेशान रहते हैं. बाहर का खान-पान इंसान के शरीर में फैट बनाने के अलावा कुछ और नहीं करता है. अगर आप अपनी आदत उबला खाना खाने और समय रहते एक्सरसाइज करते रहने की डालेंगे तो स्वस्थ जीवन जी पाएंगे. कई लोगों का शरीर बेडौल होता है. किसी में फैट ऊपर की बॉडी में होता है तो किसी में नीचे की ओर. आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह थाई पर मौजूद फैट को कम कर सकते हैं. इसके लिए आपको 5 काम करने की जरूरत है. नमकः मीठा तो लोग कम कर लेते हैं लेकिन नमक का



क्या? ये दोनों ही चीजें ऐसी हैं जो फैट बढ़ाती हैं. मीठा आपको बेली फैट देता है और नमक से बॉडी में वॉटर रिटेंशन होता है. अगर खाने से नमक कम कर दें तो वजन पर काबू पा सकते हैं. खाने में ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियां, फल, दही और रोटी का सेवन करें. इससे कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम लेवल बना रहेगा और कमजोरी नहीं महसूस होगी. जितना कम कार्बोहाइड्रेट का सेवन करेंगे उतना ही आपका शरीर मांसपेशियों में पानी स्टोर करेगा. पेट में हल्कापन महसूस होगा लेकिन हां, पानी पीते रहे. शरीर से टॉक्सिन्स का निकलना बेहद जरूरी है. दिन की शुरुआत सौंफ के पानी या फिर गुनगुने पानी से करें. एक्सरसाइज करें. थाई फैट अगर आप कम करना चाहते हैं तो साधारण एक्सरसाइज की जगह कार्डियो करना शुरू करें. इसके अलावा आप रनिंग और जॉगिंग भी कर सकते हैं. थाई पर मौजूद एक्स्ट्रा फैट तेजी से कम होगा.

## मुझे कलंक का हिस्सा बनने पर गर्व है : सोनाक्षी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने कई कलाकारों के अभिनय से सजी आगामी फिल्म कलंक की शूटिंग पूरी कर ली है और उनका कहना है कि वह इसका



हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस कर रही हैं। सोनाक्षी ने ट्वीट किया, बस साल की शुरुआत है और एक नई फिल्म की शूटिंग पूरी हुई ! कलंक की शूटिंग पूरी की। मुझे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर गर्व है। आपको इसे दिखाने का इंतजार नहीं कर सकती।

अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित फिल्म कलंक 19 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें आलिया भट्ट, संजय दत्त, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित-नेने और आदित्य रॉय कपूर जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म करण जौहर, साजिद नाडियाडवाला, हीरू यश जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित होगी। यह फॉक्स स्टार स्टूडियोज द्वारा सह-निर्मित है।



## इस साल इन 5 फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार हैं अक्षय कुमार

अक्षय कुमार के लिए 2018 काफी अच्छा रहा। पिछले साल में उनकी पैडमैन, गोल्ड और 2.0 काफी सफल रहीं जबकि अन्य सुपरस्टार्स जैसे सलमान, आमिर और शाहरुख के लिए पिछला साल काफी ठंडा बना रहा। ऐसा कहा जाना गलत नहीं होगा कि पिछले साल में केवल अक्षय कुमार ही सबसे सफल सुपरस्टार रहे हैं। अब नए साल में भी अक्षय कुमार अपनी फिल्मों के साथ धमाल मचाने को तैयार दिख रहे हैं। आइए, नजर डालते हैं अक्षय की इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों पर।

***केसरी***

यह फिल्म सारागढ़ी की लड़ाई की सच्ची कहानी पर आधारित है। यह लड़ाई 1897 में हुई थी जब 21 सिख सैनिक 1000 अफगान सैनिकों से भिड़ गए थे। इस फिल्म को करण जौहर ने प्रड्यूस किया है और यह 21 मार्च को रिलीज होगी।

***मिशन मंगल***

यह फिल्म भारत के पहले मंगल मिशन के ऊपर बन रही है। इसमें अक्षय के साथ सोनाक्षी सिन्हा, विद्या बालन, कीर्ति कुल्हारी, तापसी पन्नू और शरमन जोशी जैसे सितारे दिखाई देंगे। यह फिल्म 2019 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

***गुड न्यूज***

इस फिल्म में अक्षय कुमार लंबे समय बाद करीना कपूर खान के साथ रुपहले पर्दे पर दिखाई देंगे। यह फिल्म एक ऐसे कपल की कहानी है जो एक बच्चा पैदा करने की कोशिशें कर रहा है। गुड न्यूज में कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे और यह 19 जुलाई को रिलीज होगी।

***हाउसफुल 4***

हाउसफुल सीरीज की इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा रितेश देशमुख, बॉबी देओल, चंकी पांडे, कृति सैनन, कृति खरबंदा और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2019 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

***सूर्यवंशी***

हाल में अक्षय कुमार को सिंबा में एक पुलिसवाले के कैमियो रोल में देखना मजेदार था। वह किरदार इसी फिल्म का था। सूर्यवंशी को रोहित शेट्टी डायरेक्ट करेंगे और यह दिसंबर में रिलीज हो सकती है।